<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 21/08/2024

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 02 अन्तर्जनपदीय आटोलिफ्टर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल, मोटर साइकिल का इंजन व 01 अदद ई-रिक्शा बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.08.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान सुगर मिल के पास से 1. लवकुश यादव पुत्र वीरेन्द्र निवासी डडियामऊ, सआदतगंज थाना मसौली जनपद बाराबंकी 2. शिवांशु तिवारी पुत्र शिवपूजन तिवारी निवासी बिन्दौरा परसपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल, मोटर साइकिल का इंजन व 01 अदद ई-रिक्शा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 737/2024 धारा 317(4)/ 318(4)/338/336(2)/340(2) बीएनएस- 2023 पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों से मोटर साइकिल चोरी की जाती हैं। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 16.08.2024 को रजिस्ट्री आफिस के सामने से मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस UP 41 AM 0757 चोरी की गई थी तथा मोटर साइकिल HF डीलक्स UP 41 AF 7670 व मोटर साइकिल पैशन प्रो UP 32 V 9760 (वास्तविक नम्बर- UP 41 V 9760) मंजीठा मन्दिर के पास से, मोटर साइकिल होण्डा लिवो UP 32 BD 2011 (वास्तविक नम्बर- UP 31 BD 2011) चिनहट दरगाह के सामने से चोरी की थी। अभियुक्तगण द्वारा करीब 15 दिन पहले थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चन्नापुर लैन से ई-रिक्शा व मोटर साइकिल चोरी की थी तथा चोरी की गई मोटर साइकिल का इंजन खोलकर बेंचने जा रहे थे। अभियुक्तगण द्वारा कुछ मोटरसाइकिलों को खोलकर उनके पुर्जे/इंजन लोगों को सस्ते दामों पर बेंच दिया जाता है तथा मोटर साइकिल का नम्बर बदलकर प्रयोग में लाते हैं।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. लवकुश यादव पुत्र वीरेन्द्र निवासी डडियामऊ, सआदतगंज थाना मसौली जनपद बाराबंकी
2. शिवांशु तिवारी पुत्र शिवपूजन तिवारी निवासी बिन्दौरा परसपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी

<u>बरामदगी-</u>

1. मोटर साइकिल होण्डा लिवो UP 32 BD 2011 वास्तविक नम्बर- UP 31 BD 2011(मु0अ0सं0 335/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना चिनहट जनपद लखनऊ)
2. मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस UP 41 AM 0757 (मु0अ0सं0 735/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

3. मोटर साइकिल पैशन प्रो UP 32 V 9760 वास्तविक नम्बर- UP 41 V 9760
4. मोटर साइकिल HF डीलक्स UP 41 AF 7670
5. ई-रिक्शा UP 41 BT 6896
6. मोटर साइकिल का इंजन

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री रणजीत सिंह यादव, श्री उ0नि0 श्री पप्पू सिंह यादव थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 संजय यादव, का0 विनोद यादव थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
4. का0 सिद्धान्त यादव, का0 आशीष चौहान थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी